(ख) देश में बाल-मजदूरों की संख्या कितनी है तथा उनकी आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति क्या है?

श्रम मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री के० राममूर्ति) : (क) जी नहीं।

(ख) जनगणना के उपलब्ध अद्यतन आंकड़े वर्ष 1981 के संदर्भ में हैं और इनके अनुसार देश में 0–14 वर्ष के आयु वर्ग में बाल श्रमिकों की संख्या 13,640,872 थी। मातापिता मुख्य रूप से खराब आर्थिक परिस्थितियों के कारण और कुछ सामाजिक कारणों से भी अपने बालकों को ऐसे मजदूरी/अर्ध मजदूरी वाले नियोजनों में भेजने को विवश हैं जो उनके स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सामान्य कल्याण के प्रतिकूल हैं।

Completion of Paanch Pawli Fly Over Project at Nagpur

451. MISS SAROJ KHAPARDE: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether is a fact that the progress regarding the work of completion of the Paanch Pawli Fly Over Project at Nagpur has been very slow;

(b) if so, the details thereof; and

(c) what steps Government propose to take to expedite the work so that the Fly Over is completed at the earliest?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) and (b) There was some delay in the commencement of the work, as shifting of a number of civic services such as sewer lines, electric overhead lines, P&T cables etc. and road diversion had to be done, as a prerequisite. The over all progress of the work is, at present. 60 per cent.

(c) The Railway is maintaining close liaison with the State Government for complotion of the entire work as early as practicable.

राजस्थान में रेल पुलों का निर्माण

452. डा० अबरार अहमद : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय राजस्थान में कौन-कौन से रेल पुल निर्माणाधीन हैं तथा किन-किन रेल पुलों का निर्माण भविष्य में किया जायेगा ;

(ख) स्वतंत्रता-प्राप्ति के बाद देश में कितनी लम्बी नई रेल लाइनें बिछाई गई हैं तथा राजस्थान में कितनी बड़ी लाइन की तथा कितनी मीटर लाइन की रेल लाइनें बिछाई गई हैं ; और

(ग) राजस्थान में कितनी लम्बी रेल लाइनों का विद्युतीकरण किया जा चुका है तथा भविष्य में किन रेल लाइनों का विद्युतीकरण किया जायेगा उनका ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

(ग) राजस्थान राज्य में 491 मार्ग कि. मी. का विद्युतीकरण कर दिया गया है। राजस्थान में किसी और खंड के विद्युतीकरण का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।

दिल्ली में सहकारी आवास सोसाइटियों को भूमि का आवंटन

453. डा० अबरार अहमद : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली पंजीकृत सहकारी आवास सोसाइटियों की संख्या कितनी है तथा उनकी नई रीयता सूची क्या है, इन सोसाइटियों को कब तक भूमि आवंटित किये जाने की संभावना है, सोसाइटियों के प्रत्येक सदस्य को कितनी भूमि आवंटित की जायेगी तथा भूमि किस दर पर आवंटित की जायेगी;